HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - कपूरपुर **दिनांक 16.02.2025**

ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस ने अपने घर (जनपद गौतमबुद्धनगर) से रास्ता भटक कर थाना क्षेत्र में रोते बिलखते घूम रहे मूकबधिर बच्चे को अथक प्रयास के बाद उसके परिजनों से मिलाया।

संक्षिप्त विवरणः-

कल दिनांक 15.02.2025 थाना कपूरपुर पुलिस को गस्त के दौरान ग्राम समाना में एक मासूम बच्चा रोता-बिलखता दिखाई दिया, जिससे जानकारी करनी चाही तो बच्चा मूकबधिर होने के कारण कुछ बोल नहीं पा रहा था।

कार्यवाहीः-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस ने अपने घर से रास्ता भटक कर थाना क्षेत्र में रोते बिलखते घूम रहे मूकबधिर मासूम बच्चे को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया।

बच्चे के परिजनों ने बताया कि हमारा बच्चा मूकबधिर है, जो अपने घर (जनपद गौतमबुद्धनगर) से बाहर गया था, उसके बाद घर नहीं आया तथा हम लोगों ने काफी स्थानों पर तलाश भी किया था लेकिन इसका कहीं पता नहीं चल पा रहा था। तभी थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा हमसे सम्पर्क किया गया और हमारे बच्चे को हमारे सुपुर्द किया गया है।

अपने बच्चे से मिलकर परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है।

बच्चे को परिजनों से मिलाने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री सत्येन्द्र कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
2. है0का0 722 कुलदीप कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
3. है0का0 186 अशोक कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड़।